भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1470
दिनांक 09 दिसंबर, 2025 / 18 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

वृद्धावस्था की अंतरपीढ़ीय संरचना तथा अवधारणाएं

†1470. श्री चमाला किरण कुमार रेड्डी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत की जनसंख्या उस गति से वृद्ध हो रही है जो कि केवल एक पीढ़ी पहले असंभव लगती थी तथा कम से कम 10% भारतीय अब 60 वर्ष से ऊपर के आयु के हैं और यह आकंड़ा 2050 तक लगभग 20% (पांच भारतीयों में से एक) तक बढ़ने का अनुमान है तथा इसके निहितार्थ मात्र संख्यागणना से कहीं अधिक और व्यक्ति की पहचान, परिवार संरचना व सहायता प्रणालियों के प्रश्न से संबंधित हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या 'अंडरस्टैंडिंग इंटरजेनेरेशनल डायनामिक्स एंड परसेप्शंस ऑन एजिंग' (वृद्धावस्था की अंतरपीढ़ीय संरचना तथा अवधारणाओं का विवेचन) शीर्षक वाले हालिया अध्ययनों से उक्त विरोधाभासी परिदृश्य का पता चलता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री नित्यानंद राय)

(क) एवं (ख): राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित जनसंख्या अनुमानों पर तकनीकी समूह की रिपोर्ट के अनुसार, वृद्धों (60 वर्ष और उससे अधिक) की जनसंख्या का अनुपात 2011 में 10.16 करोड़ से बढ़कर 2036 में 22.74 करोड़ हो जाने का अनुमान है - कुल जनसंख्या में वृद्धजनों की हिस्सेदारी 8.4 प्रतिशत से बढ़कर 14.9 प्रतिशत हो जाएगी। जनसंख्या वृद्धि के कारण वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में स्वास्थ्य, सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल क्षेत्रों में चुनौतियाँ उत्पन्न होंगी।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1470, दिनांक 09.12.2025

वृद्धजनों की आबादी की बढ़ती जरूरतों को समझते हुए और उनके सामने आने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने देश भर में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए 01.04.2021 से अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवाईएवाई) नामक एक व्यापक योजना लागू कर रहा है। सरकार ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक परिषद का भी गठन किया है जिसमें विभिन्न हितधारकों को शामिल किया गया है।

*****